गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई-मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2023 31.01.2023

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिन्ग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला<br>कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051<br>**स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू** | 2. लिस्टिन्ग अनुपालन<br>बीएसई लिमिटेड<br>मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001<br><br>**स्क्रिप कोड: 532155** |

**विषय: दिनांक 31.12.2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का समाचार पत्र में प्रकाशन**

महोदय/महोदया,

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 30 के अनुपालन में है ।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कृपया अनुलग्नक प्राप्त करें ।

उपर्युक्त आपकी सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु है ।

**धन्यवाद,**
**भवदीय,**

महेश

**(महेश कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव**

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

# फरीदाबाद-ग्रेनो को जोड़ने वाला पुल तैयार

**अच्छी खबर 1**

**दनकौर, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कई शहरों और गांवों को जोड़ने वाला मंझावली यमुना पुल बनकर तैयार हो गया है, लेकिन उत्तर प्रदेश के इलाके में इस सड़क के लिए अभी जमीन का अधिग्रहण नहीं हो पाया है। इस वजह से इस पर फर्राटा भरने के लिए वाहन चालकों को इंतजार करना पड़ेगा।

फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर मंझावली गांव के पास यमुना पर बन चुके पुल का शिलान्यास 15 अगस्त 2014 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने किया था।

हरियाणा सरकार पुल और अपनी सड़क का निर्माण तो पूरा कराने जा रही है, लेकिन यूपी के इलाके में सड़क के लिए अभी जमीन का अधिग्रहण नहीं हुआ है। अब यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद वाहन फर्राटा भर सकेंगे।

**इनको मिलेगा फायदा :** पुल और सड़क के चालू होने के बाद ग्रेटर नोएडा के परी चौक से फरीदाबाद पहुंचना आसान होगा। इस यमुना पुल से यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे, दिल्ली हरिद्वार एक्सप्रेसवे को सीधे कनेक्टिविटी मिलेगी।



उत्तर प्रदेश और हरियाणा को जोड़ने वाला मंझावली यमुना पुल बनकर तैयार है।

**जल्द सड़क बनने की उम्मीद**

उत्तर प्रदेश के इलाके में डेढ़ किलोमीटर की सड़क जगनपुर और अट्टा गुजरान गांव के बांध तक बननी है। पीडब्ल्यूडी की एक्सईएन कंचन वर्मा ने बताया कि इसको लेकर कई बार बैठक भी हुई है। उम्मीद है कि जल्द ही इस पर फैसला होगा।


# स्काईवॉक के जरिए रैपिड और मेट्रो स्टेशन जुड़ेंगे

**अच्छी खबर 2**

**गाजियाबाद, कार्यालय संवाददाता।** साहिबाबाद से दुहाई रैपिड रेल के प्राथमिक खंड का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस 17 किलोमीटर कॉरिडोर के मेरठ तिराहे पर रैपिड और मेट्रो के स्टेशनों को स्काईवॉक के जरिये जोड़ा जाएगा। ताकि यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। मेरठ से आने या जाने वाले यात्री यहां से मेट्रो व रैपिड बदल सकेंगे।

इसके लिए इन्हें सड़क मार्ग तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिल्ली से मेरठ के बीच 82 किमी कॉरिडोर में मेरठ तिराहे का गाजियाबाद स्टेशन सबसे व्यस्त स्टेशन हो सकता है। यहीं ध्यान में रखते हुए एनसीआरटीसी ने इस स्टेशन को तैयार कर रहा है।

लोगों को सुविधा देने के लिए यहां सबसे ज्यादा पांच प्रवेश व निकासी द्वार बनाए जा रहे हैं। यह स्टेशन तीनों ओर से सड़कों से घिरा है, इसी वजह से यात्रियों को सुरक्षित स्टेशन तक पहुंचाने के लिए तीन प्रवेश निकास द्वारों को इन तीनों सड़कों के साथ बनाया जा रहा है।

भारतीय महिलाओं ने पहला महिला U19 T20 विश्व कप जीता!


## जांच रिपोर्ट के बाद ग्रेनो प्राधिकरण की सीईओ ने कार्रवाई की

# फर्जीवाड़ा कर नौकरी पाने वाले 49 की सेवा समाप्त

**सख्ती**

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने फर्जीवाड़ा कर नौकरी पाने के मामले में 49 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इनमें प्राधिकरण के कुछ कर्मचारियों के रिश्तेदार भी शामिल हैं। तीन सदस्यीय समिति की जांच रिपोर्ट आने के बाद प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने यह कार्रवाई की।

ग्रेनो प्राधिकरण में कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के जरिये नियुक्ति होती रही है। पिछले साल भी काफी कर्मचारी रखे गए थे। ग्रेनो प्राधिकरण ने नोएडा की राधाकृष्ण सर्विस प्रोवाइडर और माधव एसोसिएट्स के जरिए कई लोगों को नियुक्त किया। इन नियुक्तियों पर सवाल उठने लगे। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के यहां शिकायत हुई। वहां से दिशा-निर्देश आने के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जांच करवाई। जांच में आरोप सही पाए गए। दोनों एजेंसी को प्रतिबंधित कर दिया गया।

बादलपुर गांव के रहने वाले राजेंद्र सिंह ने करीब चार महीने पहले शिकायत मुख्यमंत्री से की। मेरठ के नीलकमल ने प्रधानमंत्री कार्यालय और नौकरी के लिए आवेदन करने वाले आकाश त्यागी ने भी मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की थी। शिकायत में राजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया था कि प्राधिकरण में 70 लोगों की नियुक्ति गलत तरीके से की गई। इसमें कुछ भर्ती प्लेसमेंट और कुछ भर्ती संविदा के आधार पर की गई। आरोप लगाया गया कि प्राधिकरण में तैनात लोगों ने अपने रिश्तेदारों को नौकरियों पर रखवा दिया। इसमें एक घर के कई लोग शामिल थे।

**70** लोगों की नियुक्ति गलत तरीके से करने की शिकायत की गई

**03** एसीईओ को जांच समिति में शामिल किया गया था

### नियमों के विपरीत हुई थीं नियुक्तियां

मुख्यमंत्री कार्यालय ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ को जांच करके रिपोर्ट मांगी थी। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने एसीईओ प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में समिति का गठन किया। समिति में तीन एसीईओ शामिल किए गए। सीईओ को सौंपी रिपोर्ट में कहा गया है कि नियमों के विपरीत नियुक्तियां की गईं। बगैर पात्रता रखने वालों को भी नौकरी पर रखा गया।

### प्राधिकरण में काम कर रहे इन लोगों पर हुई कार्रवाई

प्राधिकरण के ओएसडी कार्मिक रवींद्र सिंह यादव की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि जिन कर्मचारियों को हटाया गया है उनमें कुलदीप सिंह, अमित भाटी, सौरभ मिश्रा, लवांश भाटी, निखिल बंसल, पंकज कुमार रंजन, मुसरलीन खान, रितिक, अमित कुमार भाटी आदि शामिल हैं। रिचा सिंह, पूनम, मनोज गौतम, सुमित, विशाल चौधरी पर भी कार्रवाई हुई है।

"प्लेसमेंट एजेंसी के जरिये ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में नियुक्तियां की गईं। इसमें गड़बड़ी की शिकायत के बाद जांच कराई गई। जांच के बाद कर्मचारियों को हटाया गया है।"

–**रितु माहेश्वरी**, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## एसएसएफ करेगी नोएडा मेट्रो की सुरक्षा

**मेरठ।** यूपी में 13 कचहरी परिसर, वेस्ट यूपी में नोएडा मेट्रो, गाजियाबाद और मेरठ के एयरपोर्ट और रैपिड की सुरक्षा समेत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एसएसएफ (स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स) यानी विशेष सुरक्षा बल 5वीं बटालियन के हवाले की जा रही है।

नोएडा मेट्रो और गाजियाबाद के हवाई अड्डे पर जवानों की तैनाती भी की जा चुकी है। फिलहाल मेरठ की पीएसी वाहनी में मिनी कमांड सेंटर बनाया गया है और यहीं से सारी कार्रवाई होगी। कई वीवीआईपी ड्यूटी और औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा का जिम्मा भी इसी फोर्स के हवाले रहेगा।

# गाजियाबाद में चार बच्चों के लापता होने से हड़कंप

- घर से खेलने के लिए निकले थे चारों बच्चे
- रातभर खोजने के बाद भी नहीं लगा सुराग

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** नंदग्राम थानाक्षेत्र के दीनदयालपुरी में रविवार शाम दो परिवार के चार नाबालिग बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू कर दी, लेकिन देर रात तक बच्चों का सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने सोमवार सुबह पुलिस को सूचना दी।

पुलिस का कहना है कि चारों बच्चे नौ से 14 वर्ष की उम्र के हैं और आपस में दोस्त हैं। केस दर्ज कर बच्चों की बरामदगी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। एसीपी नंदग्राम आलोक दुबे का कहना है कि दीनदयालपुरी में दो परिवार रहते हैं। उनके नौ से 14 साल उम्र के चार बच्चें आपस में दोस्त हैं। रविवार शाम चारों खेलने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वापस नहीं लौटे।

# नोएडा में बनी मूर्ति लखनऊ में लगेगी

**नोएडा, विशेष संवाददाता।** नोएडा में तैयार हुई लक्ष्मण जी की मूर्ति लखनऊ एयरपोर्ट पर स्थापित होगी। मूर्ति को हवाई अड्डे के निकास मार्ग पर लगाया जाएगा। मूर्ति पांच फरवरी से पहले लखनऊ पहुंच जाएगी।

लखनऊ का नाम भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण के नाम पर रखा गया है और कहा जाता है कि इस शहर को उन्होंने ही बसाया था। जी-20 सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों को इस शहर में सबसे पहले इसी मूर्ति के दर्शन होंगे। मूर्ति को नोएडा के प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार ने तैयार किया है। उनके बेटे अनिल सुतार ने बताया कि 12 फीट ऊंची लक्ष्मण जी की कांस्य से बनी इस मूर्ति को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है। जी-20 सम्मेलन से पहले यह लखनऊ एयरपोर्ट पर स्थापित हो जाएगी। लखनऊ में 13 और 14 फरवरी को जी-20 सम्मेलन की बैठकें आयोजित होने वाली हैं।

**कारगिल विक्ट्री मेमोरियल भी तैयार हो रहा :** अनिल सुतार ने बताया कि लक्ष्मण जी की मूर्ति के अलावा लखनऊ के लिए ही कारगिल विक्ट्री मेमोरियल भी बनाया जा रहा है। इसमें कारगिल विजय दिवस की शौर्य गाथा होगी।

कांस्य का यह मेमोरियल 15 फीट की ऊंचाई में तैयार किया जा रहा है। इसे भी पांच फरवरी तक लखनऊ भेजा जाएगा और यह भी एयरपोर्ट के पास ही स्थापित होगा।



लक्ष्मण जी की इसी मूर्ति को लखनऊ में लगाया जाएगा। ● हिन्दुस्तान

**एनसीआर 30s**

### केयर होम सेंटर से किशोरी लापता

**ट्रांस हिंडन।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक केयर होम सेंटर से 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। गुमशुदगी की रिपोर्ट इंदिरापुरम थाने में दर्ज कराई गई है। कनावनी निवासी एक महिला ने बताया वह कनावनी में एक होम केयर सेंटर चलाती हैं। जहां किशोरियों और महिलाओं की काउंसलिंग की जाती है। रविवार को एक 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। पुलिस तलाश में जुटी है।

### सूचना का जवाब न देने पर बिल्डर को फटकार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 डी के ग्रीन व्यू सोसाइटी के खरीदारों को सूचना का जवाब नहीं देने पर केंद्रीय सूचना आयुक्त ने एनबीसीसी प्रबंधन को फटकार लगाई है। एनबीसीसी के जन सूचना अधिकारी को 30 दिन के अंदर सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मार्च 2022 में ग्रीन व्यू सोसाइटी को रहने के लिए असुरक्षित घोषित कर जिला प्रशासन ने खाली करा लिया था।

### यमुना पर पैंटून पुल से चोरी का प्रयास

**पलवल।** चांदहट थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अशोक कुमार ने दी शिकायत में कहा कि थंथरी गांव के पास यमुना पर बने पैंटून पुल पर लोहे का रस्सा बंधा हुआ था। जिसे चोरों ने रात के समय चोरी कर अपने ऑटो में रख लिया, लेकिन इसी दौरान चौकीदार के आ जाने पर चोर रस्सा सहित ऑटो को छोड़कर फरार हो गए।

### गुरुग्राम में कपड़े की फैक्टरी में आग लगी

**गुरुग्राम।** उद्योग विहार में कपड़े की फैक्टरी में रविवार देर रात को आग लग गई। इस घटना में बेसमेंट में रखे कपड़े जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने समय रहते आग पर काबू पा लिया। राहत की बात रही इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ।

### 38 एटीएम कार्ड के साथ ठग गिरफ्तार

**लोनी।** पुलिस ने एटीएम में लोगों को मदद का झांसा देकर उनके खाते से पैसे निकालने वाले एक ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पीएनबी बैंक के एटीएम के पास शिकार की तलाश में खड़ा था। गिरफ्तार आसरोपी शाहिद के पास से विभिन्न बैंकों के 38 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं।

### बायोडायवर्सिटी पार्क बनाने की तैयारी

**गुरुग्राम।** गांव कासन की 90 एकड़ पंचायती जमीन पर बायोडायवर्सिटी (जैव विविधता) पार्क विकसित करने के लिए योजना तैयार की गई है। इसके साथ ही 10 एकड़ जमीन पर बने तालाब को भी पुनर्जीवित करने की तैयारी है। जिला प्रशासन की गुरुजल टीम ने बीते साल जमीन का दौरा किया था।

# ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर जाम में फंसे लोग

- अंडरपास के काम के चलते लग रहा जाम
- बैरिकेडिंग के चलते फंस रहे हैं वाहन

**नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर निर्माण कार्यों की वजह से एक बार फिर लंबा जाम लगने लगा है। सोमवार सुबह ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर आते समय सेक्टर-168 के सामने दो किलोमीटर से अधिक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। यहां पर अंडरपास का निर्माण चल रहा है।

एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह नौ बजे जाम की समस्या हुई। सप्ताह का पहला दिन के कारण वाहनों का दबाव काफी अधिक था। सेक्टर-168 के सामने अंडरपास का काम चलने के कारण मुख्य रास्ते पर बैरिकेडिंग हो रखी थी, जिससे वाहनों के निकलने के लिए कम जगह मिल पा रही है। ऐसे में परी चौक की ओर दो किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लग गया। वाहन रेंग-रेंग कर नोएडा की तरफ आ रहे थे। जाम से बचाने के लिए मौके पर न तो यातायात पुलिस थी और न ही निर्माण कंपनी की ओर से कर्मचारी लगाए गए थे।

## डाटा सेंटर की योजना में आवेदन का मौका

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने निवेशकों की मांग को देखते हुए डाटा सेंटर के लिए 10 भूखंडों की योजना लॉन्च कर दी है। इस योजना के लिए सोमवार से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए। 20 फरवरी तक पंजीकरण किए जा सकते हैं।

अगर सभी 10 भूखंड आवंटित हो जाते हैं तो इससे करीब 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 10 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है। ग्रेटर नोएडा डाटा सेंटर के हब के रूप में तेजी से उभरा है। देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर (हीरा नंदानी ग्रुप) ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 में चल रहा है।

## सूरजकुंड मेले के लिए दिल्ली से बस चलेंगी

**गुरुग्राम।** सूरजकुंड मेले के लिए दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम से भी बस चलाई जाएंगी। इसको लेकर रूट तैयार हो चुका है।

गुरुग्राम रोडवेज के मुख्य निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि तीन शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल से सूरजकुंड मेले के लिए तीन बस रोज दो-दो फेरे लगाएंगी। शिवाजी स्टेडियम से सूरजकुंड जाने के लिए 15 रुपये और मेले से शिवाजी स्टेडियम आने के लिए 20 रुपये किराया तय किया गया है। उन्होंने बताया कि आते समय एमसीडी के टोल के कारण पांच रुपये अतिरिक्त किराया लिया जाएगा।

# दूसरे चरण में चार हजार करोड़ मुआवजा बंटेगा

**जेवर एयरपोर्ट**

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण की जमीन अधिग्रहण पर 4000 करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर खर्च किए जाएंगे। यह पैसा प्रदेश सरकार और जनपद के तीनों औद्योगिक विकास प्राधिकरण देंगे।

यमुना प्राधिकरण ने अपने हिस्से का करीब 400 करोड़ रुपये जमीन अधिग्रहण के लिए जिला प्रशासन को दे दिए हैं अन्य प्राधिकरण भी जल्द ही पैसा देंगे। दूसरे चरण के लिए 1365 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है। इसमें से 1181 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होगा। बाकी जमीन सरकारी है, जिसका पुर्नग्रहण हो गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) में चार अंशधारक हैं। इसमें सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग और नोएडा प्राधिकरण की 37.5-37.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 12.5-12.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।


गेल GAIL

## गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 भारत 2023 INDIA




**31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु गैर–लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणाम का सारांश** (करोड़ रु. में, स्वतः स्पष्ट को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वित्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वित्त वर्ष |
| | | 31 दिसम्बर 2022 गैर–लेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2021 गैर–लेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2022 गैर–लेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2021 गैर–लेखापरीक्षित | 31 मार्च 2022 लेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2022 गैर–लेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2021 गैर–लेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2022 गैर–लेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2021 गैर–लेखापरीक्षित | 31 मार्च 2022 लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 35,380.38 | 25,775.58 | 111,443.41 | 64,677.51 | 91,645.72 | 35,939.96 | 26,175.60 | 112,610.97 | 65,546.11 | 92,873.82 |
| 2 | अवधि हेतु निवल लाभ/ (हानि) (कर, अपवादात्मक और/ या असाधारण मद पूर्व) | 222.67 | 4,308.36 | 5,992.94 | 10,044.39 | 13,590.29 | 662.07 | 4,819.80 | 6,567.48 | 11,088.08 | 15,463.52 |
| 3 | अवधि हेतु कर पूर्व निवल लाभ/ (हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मद पश्चात) | 222.67 | 4,308.36 | 5,992.94 | 10,044.39 | 13,590.29 | 662.07 | 4,819.80 | 6,567.48 | 11,088.08 | 15,463.52 |
| 4 | अवधि हेतु कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मद पश्चात) | 245.73 | 3,287.99 | 4,697.99 | 7,680.86 | 10,363.97 | 397.59 | 3,800.09 | 4,953.15 | 8,829.86 | 12,303.63 |
| 5 | अवधि हेतु कुल विस्तृत आय [अवधि हेतु लाभ/ (हानि) (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) सहित] | 1,012.68 | 3,057.47 | 3,954.17 | 9,277.28 | 12,972.00 | 914.82 | 3,880.13 | 4,183.30 | 10,791.88 | 14,973.36 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/– रुपए प्रत्येक) | 6,575.10 | 4,440.39 | 6,575.10 | 4,440.39 | 4,440.39 | 6,575.10 | 4,440.39 | 6,575.10 | 4,440.39 | 4,440.39 |
| 7 | रिज़र्व (पुनर्मुल्यांकन रिजर्व के अलावा) | | | | | 45,479.97 | | | | | 52,932.20 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | - | - | - | - | - | | | | | |
| 9 | निवल मूल्य | 52,880.78 | 49,305.79 | 52,880.78 | 49,305.79 | 49,920.36 | | | | | |
| 10 | प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण | 12,094.80 | 5,387.35 | 12,094.80 | 5,387.35 | 6,352.76 | | | | | |
| 11 | बकाया विमोच्य वरीयता शेयर | - | - | - | - | - | | | | | |
| 12 | ऋण इक्विटी अनुपात (गुना में) | 0.21 | 0.11 | 0.21 | 0.11 | 0.15 | | | | | |
| 13 | प्रति शेयर आय (अंकित मूल्य रु.10/–प्रत्येक) (चालू और बंद प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू. में) | 0.37 | 4.93 | 7.12 | 11.53 | 15.56 | 0.63 | 5.68 | 7.55 | 13.21 | 18.40 |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | 0.37 | 4.93 | 7.12 | 11.53 | 15.56 | 0.63 | 5.68 | 7.55 | 13.21 | 18.40 |
| | (तिमाही एवं नौ माह हेतु ईपीएस का वार्षिकीकरण नहीं किया गया) | | | | | | | | | | |
| 14 | पूंजी रिडेम्पशन रिज़र्व | 126.74 | 69.76 | 126.74 | 69.76 | 69.76 | | | | | |
| 15 | ऋण सेवा आवृत अनुपात (गुना में) | 1.93 | 17.13 | 4.61 | 13.94 | 7.35 | | | | | |
| 16 | ब्याज सेवा आवृत अनुपात (गुना में) | 4.88 | 58.54 | 17.43 | 43.74 | 46.07 | | | | | |

टिप्पणी:

1. उपर्युक्त भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 एवं विनियम 52 के अधीन विस्तृत फार्मेट में स्टॉक एक्सचेंज में फाइल किए गए 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के वित्तीय परिणामों का सारांश है। वित्तीय परिणामों का संपूर्ण फार्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com, www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.gailonline.com) पर उपलब्ध है।
2. उपर्युक्त परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, (इंड एएस) के अनुसार है, जिसे उसके अंतर्गत जारी किए गए प्रासंगिक नियमों और सामान्यतः भारत में स्वीकार किए गए अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पढ़ा जाए।
3. विनियम 52(4) सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 में संदर्भित अन्य लाइन आइटम के लिए स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com, www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.gailonline.com) पर प्रासंगिक प्रकटीकरण किए गए हैं।
4. पिछली अवधि के आंकड़ों को, चालू अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप, जहां कहीं आवश्यक है, पुनः समूहीकृत किया गया है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 30 जनवरी 2023

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/–
(आर के जैन)
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(डीआईएन: 08788595)

www.gailonline.com #EnergizingPossibilities पर हमे फॉलो करें